## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही, राजस्व उपनिरीक्षक निलंबित

**कोरबा।** कर्तव्य निर्वहन में उदासीन रवैया अपनाने वाले अधिकारी कर्मचारियों के प्रति आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने सख्त रूख अपनाया है। उन्होने आदेश जारी कर राजस्व वसूली कार्यो एवं अतिक्रमण नियंत्रण के प्रति उदासीनता दिखाने वाले राजस्व उप निरीक्षक संजय ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यहाँ उल्लेखनीय है कि आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम का कार्यभार ग्रहण करते ही अधिकारी कर्मचारियों को कड़े संदेश दिए थे कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं दायित्व निर्वहन के प्रति उदासीनता किसी सूरत में क्षम्य नहीं होगीए अत: सभी अधिकारी कर्मचारी सौपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। आयुक्त पाण्डेय ने राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति पर विशेष फोकस करते हुए सभी राजस्व निरीक्षकोंए उप निरीक्षकों तथा जोन उप प्रभारियों को राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि राजस्व वसूली कार्यो को पूरी निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ संपादित कराते हुए प्रदत्त लक्ष्यों को निर्धारित समय पर प्राप्त करें। आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर वर्तमान में राजस्व वसूली की कार्यप्रगति में तेजी आई है। निगम के राजस्व उप निरीक्षक संजय ठाकुर को वार्ड क्रण् 39ए 40ए 41ए 42 में राजस्व वूसली का कार्य सौपा गया था किन्तु उनके द्वारा कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है तथा राजस्व वसूली कार्य के साथ.साथ अतिक्रमण नियंत्रण व उच्चाधिकारियों द्वारा समय.समय पर सौपे गए कार्यो के प्रति भी लापरवाही दिखाई जा रही हैए जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त पाण्डेय ने आदेश जारी कर राजस्व उपनिरीक्षक संजय ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्होने अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि वे अपने दायित्वों के प्रति सजग हो जाएंए कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें अन्यथा उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

### अवैध रेत उत्खनन, चैनमाउंटेन मशीन जब्त

**कोरबा।** जिले के अनुविभाग कोरबा के तहसील अजगर बहार अंतर्गत ग्राम धनगांव स्थित हसदेव नदी के डोंगाघाट क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज रेत का उत्खनन करते पाए जाने पर एक नग चैन माउंटेन मशीन, चालक विकास गुप्ता पिता हीरालाल साव उम्र 18 वर्षए निवासी नागर अटारी झारखंड से जप्त कर जांच में लिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी कोरबा हरि शंकर पैकरा के निर्देशन तथा तहसीलदार अजगरबहार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अजगरबहार द्वारा उक्त चैनमाउंटेन मशीन को जप्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जप्त शुदा वाहन के साथ मौके पर पाए गए व्यक्तियों द्वारा घमौटा स्थित स्वीकृत रेत खदान में ही उत्खनन करने का दावा किया गया। किंतु ग्राम धनगांव स्थित भूमि से रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर जप्ती की कार्यवाही किया गया है। इस मामले में कोरबा क्षेत्र में निवासरत किसी प्रेम पुजारी नामक व्यक्ति द्वारा द्वारा लंबे समय से उक्त स्थान पर रेत उत्खन्न करने का हवाला देकर जप्त वाहन छोडऩे का दबाव बनाया गया।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 26 फरवरी 2022 को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत कोरबा के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्रीय योजनाओं से संबंधित निर्धारित एजेंडे की समीक्षा की जाएगी। बैठक में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे मनरेगाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए स्वच्छ भारत मिशन :ग्रामीणद्धए प्रधामंत्री ग्राम सडक़ योजनाए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाएसर्व शिक्षा अभियानए मध्यान्ह भोजन योजनाए आदि केंद्रीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की जाएगी तथा प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।

# 107.49 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित तिफरा फ्लाईओव्हर सहित व्यापार विहार स्मार्ट रोड और प्लेनेटोरियम का लोकार्पण

❒ मुख्यमंत्री ने प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर को दी तीन बड़ी सौगात

❒ मुख्यमंत्री द्वारा 353.56 करोड़ रूपए की लागत के 97 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर को 107.49 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित तिफरा फ्लाईओव्हर सहित व्यापार विहार स्मार्ट रोड और प्लेनेटोरियम की सौगात दी। बघेल ने बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर शहर और बिलासपुर जिले के लिए लगभग 353 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत के 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इन कार्यों में से 277 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत के 62 कार्यों का लोकार्पण और 76 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर में जिन प्रमुख कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें 107 करोड़ 49 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक पर नवनिर्मित तिफरा फ्लाईओव्हर, 36 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर विश्वविद्यालय में निर्मित अकादमी भवन, पहुंच मार्ग तथा बाउंड्रीवॉल, 28 करोड़ 48 लाख रूपए की लागत से तिफरा में पुलिस कर्मचारियों के लिए निर्मित 264 आवास, 26 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा व्यापार विहार स्मार्ट रोड महाराणा प्रताप चौक से तारबहार चौक तक निर्मित स्मार्ट रोड और 6 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत से व्यापार विहार में निर्मित प्लेनेटोरियम शामिल हैं।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर में जिन प्रमुख कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें 10 करोड़ 89 लाख रूपए की लागत से पुराना बस स्टैंण्ड, बिलासपुर में बनने वाली स्वचालित मल्टी लेबल कार पार्किंग, 9 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर स्मार्ट सिटी में स्थापित की जाने वाली जीआईएस समाधान प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य, 5 करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से मंगला भैंसाझार से दीनदयाल कॉलोनी, लोखण्डी रेलवे गेट तक बनने वाली 3.5 किलोमीटर 02 लेन सडक़, 4 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अंतर्गत कोटा विकासखण्ड में 31.45 किलोमीटर लम्बाई की 9 सडक़ों के नवीनीकरण कार्य तथा 3 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर में विभिन्न सडक़ों के लिए सौर प्रावधान के साथ मौजूदा स्ट्रीट और सहायक रोशनी की दोहरी फीड में परिवर्तित करने के लिए हाइब्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली का निर्माण कार्य शामिल हैं।

तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज बन जाने से शहर को मिलेगी जाम से मुक्ति

तिफरा का नये फ्लाई ओवर ब्रिज के बन जाने से महाराणा प्रताप चौक और तिफरा छोर में जाम से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही रायपुर मार्ग को बिलासपुर शहर से जोडऩे वाले इस ब्रिज से शहरवासियों के साथ ही साथ उन तमाम राहगीरों को भी राहत मिलेगी, जो एनएच 130 का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं। बिलासपुर-रायपुर मार्ग में काफी लंबे समय से तिफरा रेलवे क्रासिंग में व्यवस्थित और चौड़े फ्लाईओवर ब्रिज की ज़रूरत महसूस की जा रही थी। तिफरा छोर से स्वर्गीय जमुना प्रसाद वर्मा कॉलेज तक 1620 मीटर की लंबाई में तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण 107 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया गया है। इस रेलवे क्रासिंग पर पहले भी एक ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया था, लेकिन ब्रिज के सामने ही चौक होने और ब्रिज की चौड़ाई कम होने के कारण चौक के चारों ओर तथा ब्रिज में आए दिन जाम का सामना करना पड़ता था।

## पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफतार

**कोरबा।** प्रार्थी राकेश कुमार गुप्ता पिता काशी प्रसाद गुप्ता निवासी ज्योति नगर कोरबा के द्वारा थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी राजेन्द्र गुप्ता के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती सुनीता गुप्ता का गला दबाकर हत्या कर दिया गया है । रिपोर्ट पर थाना दीपका में अपराध क्र द्द 25ध् 2022 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल को प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवम नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री लितेश सिंह के पर्यवेक्षण में मामले के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। पुलिस जाँच में पाया गया कि आरोपी एवम मृतिका मूलत: बिहार के निवासी हैं। राजेन्द्र गुप्ता से मृतिका सुनीता गुप्ता का विवाह सन् 2008 में हुआ था। पिछले 07 वर्षो से मृतिका का दिमागी संतुलन खराब था जिसका उपचार बिहार में चल रहा था।

करीब 11 दिन पूर्व आरोपी अपने पूरे परिवार के साथ बेहतर ईलाज के लिए अपने बड़ा साला. संतोष गुप्ता के पास ज्योति नगर दीपका में आकर अलग से किराये का मकान लेकर रह रहा था। कल रात करीब 09.00 बजे मृतिका सुनीता गुप्ता का आरोपी राजेन्द्र गुप्ता के साथ लड़ाई. झगड़ा होने लगा और आरोपी मृतिका के गला पर पैर रखकर उसका गला घोटकर हत्या कर दिया और पास ही रह रहे अपने छोटे साले राकेश गुप्ता को जाकर बताया की तुम्हारी बहन को कुछ हो गया है वह बेहोश हो गई है। तब सभी आरोपी के घर आये तो मृतिका की बड़ी बेटी. रिया बताई की पिताजी मम्मी को पैर से गला दबा कर जान से मार दिये है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि पत्नी के दिमागी सन्तुलन खराब होने और रोज रोज के झगड़े से परेशान होकर घटना कारित किया है। आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम- राजेन्द्र गुप्ता पिता स्वण् छट्टू गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी. ग्राम लालापुर थाना कुदरा जिला. कैमूर ;भभूआद्ध बिहार हाल मुकाम. ज्योति नगर दीपका जिला कोरबा। मृतिका का नाम- श्रीमति सुनिता गुप्ता पति राजेन्द्र गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी. ग्राम लालापुर थाना कुदरा जिला. कैमूर, भभूआ बिहार।

## अभाविप ने तमिलनाडु सरकार का पुतला फूंक कर जताया विरोध

**कोरबा।** कुछ दिनों पूर्व तमिलनाडु में 17 वर्षीय लावण्या नामक छात्रा को धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित किया गया था। प्रताडऩा के कारणों से लावण्या ने आत्महत्या कर ली थी और तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने लीपापोती कर उस मुद्दे को दबाने का प्रयास किया था जिसको उठाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी एवं अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सीएम हाउस का घेराव किया था जिसमें विपरीत कार्यवाही करते हुए तमिलनाडु सरकार ने अभाविप के कार्यकर्ताओं को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था जिससे आक्रोशित होकर पूरे भारत भर के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर अलग.अलग माध्यमों से विरोध प्रदर्शन किया।

इसी के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा के कार्यकर्ताओं ने भी कोरबा नगर स्थित सुभाष चौक निहारिका में जोरदार नारेबाजी किया और पुतला दहन करते हुए तमिलनाडु सरकार का पुतला फूंक कर अपना कड़ा विरोध जताया। परिषद के कार्यकर्ता मोंटी पटेल ने कड़े शब्दों में कहा कि लावण्या इस देश की पहली घटना नहीं है और इस देश की आखऱी घटना भी नहीं है। इसी ज़िले व प्रदेश और पूरे देश के स्कूलो के अंदर में हम देखें तो कोई हाथ में डोरी पहन कर आता है कोई माथे पर तिलक लगा कर आता है तो कहते है इस स्कूल के अंदर पाबंदी है लेकिन हम देखते है उसी स्कूल के अंदर बाइबल का चेप्टर पढ़ाया जाता है उसी स्कूल के अंदर गरीब बच्चों के गऱीबी का फ़ायदा उठा कर उनको धर्मांतरण करवाने का काम किया जाता है। शिक्षा के मंदिर के अंदर धर्मांतरण का खेल अब आगे नहीं चलेगा इसके लिए विधार्थी परिषद पूरे समाज को आगे लाते हुए पूरे देश भर में आंदोलन कर रही है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगी।

## कटघोरा की नवपदस्थ वनमण्डल अधिकारी प्रेमलता यादव ने पदभार संभाला

**कोरबा।** कटघोरा वनमण्डल की नवपदस्थ वनमण्डल अधिकारी प्रेमलता यादव ने गुरुवार को पदभार संभाल लिया। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद वनमण्डल कार्यालय में एसडीओ वन एके तिवारी तथा समस्त रेंज के वनपरिक्षेत्राधिकारी व कर्मचारियों ने डीएफओ प्रेमलता यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। श्रीमती यादव ने अभिवादन स्वीकार केर सभी को मिल.जुल कर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वन के अधिकारी व कर्मचारियों का का प्रथम उद्देश्य वन संपदा और वन्य जीव की सुरक्षा होना चाहिए। नवपदस्थ डीएफओ प्रेमलता यादव के स्वागत में केंदई रेंजर अश्विन चौबेए कटघोरा रेंजर अशोक मन्नेवारए पाली रेंजर मृत्युंजय शर्माए ऐतमानगर व जटगा रेंजर शहादत खान के अलावा विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि पूर्व में कटघोरा वनमंडल एसडीओ रहते हुए प्रेमलता यादव ने कोसा फल की तस्करी का बड़ा मामला उजागर किया था। मानगुरु पर्वत पर कोसा फल के सैकड़ों वृक्षों की कटाई कर अस्पताल के पीछे बोरों में भरकर रखे गए कोसा फल की जब्ती प्रेमलता यादव ने की थी और यह उस समय की बड़ी कार्रवाई थी। बाद में प्रेमलता यादव का तबादला हुआ और मामले की जांच ठंडी पड़ गई। वन अधिकारियों ने इस मामले का कोई रहस्य ना तो उजागर किया और संभवतरू संलिप्त लोगों की धरपकड़ भी इस मामले में नहीं हुई है।

## विधानसभा अध्यक्ष और सांसद 25 से 28 फरवरी तक प्रवास पर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत 25 से 28 फरवरी के मध्य कोरबा संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे एवं विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी को सुबह 10 बजे स्पीकर हाऊस रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे एवं दोपहर 2 बजे विकासखंड सक्ती के ग्राम रैनखोल पहुंचेंगे। यहां स्टॉप डेम का भूमिपूजन, तालाब निर्माण भूमिपूजन एवं सोलर आधारित नल.जल प्रदाय योजना के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3.30 बजे ग्राम रैनखोल से ग्राम सलिहाभांठा के लिए रवाना होकर सलिहाभांठा में शाम 4 बजे जनसंपर्क करेंगे। इसके पश्चात सलिहाभाठा से ग्राम घुईचुंआ, घुईचुंआ से नवाडीह एवं नवाडीह से ग्राम गुढ़वा ग्राम पंचायत धनपुर, ग्राम गुढ़वा से ग्राम पंचायत जर्वे में जनसंपर्क करेंगे। शाम 6 बजे ग्राम पंचायत जर्वे में गुरुघासीदास जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होकर 6ण्45 बजे जर्वे से कोरबा के लिए रवाना होंगे। 26 फरवरी को प्रात 11 बजे से कोरबा के स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। 27 फरवरी को प्रातरू 10.30 बजे कोरबा से गौरेला के लिए रवाना होंगे एवं दोपहर 1 बजे गौरेला के टीकरकला में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। 2.30 बजे गौरेला से पेण्ड्रा के लिए प्रस्थान कर 3 बजे पेण्ड्रा में संत शिरोमणी घाटगे जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 3.30 बजे पेण्ड्रा से मरवाही रवाना होकर शाम 4 बजे से मरवाही रेस्ट हाऊस में स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। शाम 5 बजे मरवाही से लेदरी.कोरिया के लिए रवाना होंगे एवं 6 बजे से लेदरी में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 28 फरवरी को प्रात 10 बजे लेदरी से मनेंद्रगढ़ रवाना होंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर 11 बजे मनेंद्रगढ़ से सिरौली जाएंगे। 11.30 बजे से सिरौली में जनसंपर्क पश्चात 12 बजे सिरौली से चनवारीडांड रतनपुर विकासखंड खडग़वा के लिए प्रस्थान कर 12.30 बजे चनवारीडांड में जनसंपर्क करेंगे। दोपहर 1 बजे चनवारीडांड से बचरापोड़ी के लिए प्रस्थान कर कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 2 बजे बैकुंठपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 4 बजे सर्किट हाऊस बैकुंठपुर में स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे।

## स्व. हीरासिंह मरकाम की प्रतिमा तोड़ने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** गत 10 फरवरी 2022 को ग्राम गुरसियां बाजार में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संस्थापक स्व हीरा सिंह मरकाम की प्रतिमा स्थापित किया गया था, जिसे दिनांक 17-18 फरवरी 2022 की रात्रि में रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिया गया था। प्रार्थी गणेश मरपच्ची निवासी मानिकपुर गुरसियां के रिपोर्ट पर थाना बांगो में अपराध क्रमांक 27ध्2022 धारा 295 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना जा रहा था।

मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में जांच हेतु विशेष टीम का गठन कर अलग.अलग बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए गए। विशेष टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के ग्रामों का बारीकी से निरीक्षण कर सूचना संकलन किया गया। साथ ही स्थानीय मुखबिरों से संपर्क स्थापित कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ एवं घटना दिनांक को घटनास्थल पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि की बारीकी से पड़ताल की गई। सायबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर आरोपियो में बारे में सबूत एकत्र किए गए। जांच में पाया गया कि आरोपी शिवम राजपूत पिता राजू परमाल बाजार मोहल्ला गुरसियां का जो कि पेशे से ड्राइवर है, 17 फरवरी 2022 को गुरसियां निवासी बबलू सारथी के जन्मदिन में गया था जहां बबलू सारथीए भोले शंकरए अरुण कुमारए एक नाबालिक दोस्त एवं अन्य 10.15 लोगों के साथ तान नदी किनारे सभी लोगों ने जमकर पार्टी मनाया। रात में लगभग 8.30 बजे सभी लोग गुरसिया बस स्टैंड में आए और बंजारी तरफ से एक मोटर साइकिल में आ रहे व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर झगड़ा किया था फिर पांचों लोग मोटर साइकिल में त्रिभुज के बेटे की शादी में शामिल होने चले गए थे। इसके बाद वापस आकर अरुण कुमार और शिवम राजपूत गुरसियां बाजार स्थल में जाकर रात्रि में दोनों शराब पिए। दोनों को शराब का नशा बहुत चढ़ गया था, अत्यधिक शराब के नशे में आवेश में आकर बाजार में स्थित स्व दादा हीरासिंह मरकाम की प्रतिमा को तोड़ दिया और वापस अपने घर आ गया। मामले में आरोपीगणों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## छत्तीसगढ़ वन विभाग की ये दो योजनाएं लाएंगी चौतरफा खुशहाली

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ का वन विभाग दो ऐसी योजनाएं संचालित कर रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तो मील का पत्थर सिद्ध होगी हीए साथ ही चौतरफा खुशहाली भी लायेगी। ये दो योजनाएं है. हरियाली प्रसार योजना और मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना। इन दोनों योजनाओं से पृथक .पृथक तो लाभान्वित हुआ ही जा सकता हैए लेकिन इन दोनों को एक साथ अपना लिया जाये, तो लाभ दोगुना हो जाता है।

पहले बात करते हैं- हरियाली प्रसार योजना की। इस योजना की शुरूआत वर्ष 2014 में की गयी थी। यह योजना किसानों की अनुपयोगी, बंजर, टिकरा अथवा कम लाभ देने वाली भूमि में हरियाली फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस योजना के तहत किसानों का आवेदन प्राप्त होने के बाद छत्तीसगढ़ शासन का वन विभाग बरसात से पहले गड्ढों की खुदाई कराने के साथ निशुल्क पौधे उपलब्ध कराता है। पौधारोपण के एक वर्ष बाद जीवित पौधों के संरक्षण के लिए वन विभाग प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि प्रदान करता है। तीन वर्षों तक किसानों को अलग-अलग दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को वन विभाग में एक आवेदन देना होता है और कम से कम 500 पौधों के रोपण के लिए भूमि उपलब्ध कराना होता है। छत्तीसगढ़ में इस योजना को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। प्रदेश के किसान बड़ी तादाद में फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर रहे हैं। अब तो वन विभाग इस योजना के लाभार्थियों को पौधों की निशुल्क होम डिलीवरी भी करने लगा है।

इस दौरान वित्त वर्ष 2021-22 से राज्य शासन ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना आरंभ की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के साथ पर्यावरण में सुधार लाकर जलवायु परिवर्तन के विपरित प्रभावों का कम करना है। इस योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्रए किसानोंए ग्राम. पंचायतोए शासकीय विभागों की भूमि पर इमारती, गैर इमारती प्रजातियों के वाणिज्यिक-औद्योगिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जो कृषक खरीफ फसल की जगह अपने खेतों में वृक्षारोपण करते हैंए उन्हें अगले तीन वर्षों तक प्रति एकड़ 10 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ग्राम पंचायतें और संयुक्त वन प्रबंधन समितियां यदि अपने पास उपलब्ध राशि से वृक्षारोपण करती हैं तो एक वर्ष बाद उन्हें भी प्रति एकड़ 10 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

गौरतलब है कि वन विभाग के सहयोग से पाठशालाओं. शासकीय. अर्ध शासकीय कार्यालय परिसरों में भी वृक्षारोपण किया जा सकता है। वृक्षों के बढऩे पर जहां परिसर मनोरम नजर आयेंगे, वहीं प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण. संवर्धन में भी उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी। वर्षों पहले पाठशालाओं में खेलकूद के साथ बागवानी में भी छात्र-छात्राएं सहभागी होते थे। मगर अब बागवानी की परिपाटी खत्म हो गयी है। इसे दोबारा आरंभ करने की पहल की जानी चाहिये।